**दिनांक : 11 नवम्बर, 2021**

# क्षेत्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष -2019-20

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी-95, दूसरी मंजिल, सी.एल. हाउस,
गौतम नगर, दिल्ली – 110 049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011-4165 4200

# क्षेत्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष -2019-20

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी अहम होती है वे चुनाव लड़ते हैं और सरकार बनाकर नीतियों का गठन करके आम आदमी की समस्याओं का निदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं | राजनीतिक दलों को अपनी नीतियों और लक्ष्यों को जनता तक पहुचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है | यह धन राजनीतिक दल कहाँ से एकत्रित करते हैं ?


चुनाव आयोग को दायर की गई दलों की ऑडिट और दान रिपोर्ट के विश्लेषण से साफ़ जाहिर है, कि काफी हद तक धन के स्त्रोत अज्ञात हैं | वर्तमान में, राजनीतिक दलों को रु 20,000 से कम की दान राशि के दान दाताओ का विवरण घोषित करना आवश्यक नहीं है | इसके परिणाम स्वरूप अज्ञात स्त्रोतों से दलों द्वारा एकत्रित धन का पता नहीं लगाया जा सकता है | जून 2013 में राष्ट्रीय दलों को सीआईसी के फैसले से आरटीआई के तहत लाया गया था. लेकिन दुर्भाग्यवश, राष्ट्रीय दलों ने इस निर्णय का पालन नही किया है | मौजूदा कानून के तहत दलों की धन राशि में पारदर्शिता संभव नही है, यह केवल सूचना के अधिकार से ही, जनता को सारी जानकारी प्राप्त हो सकती है |


## <u>राजनीतिक दलों की ज्ञात, अज्ञात और अन्य दूसरे ज्ञात स्त्रोंतों से आय</u>

- राजनीतिक दलों को रु 20,000 से अधिक के दान देने वाले दान दाताओं का विवरण चुनाव आयोग को वार्षिक जमा करना आवश्यक है | दान रिपोर्ट में दलों को दान देने वाले दान दाता का नाम, पता, PAN, राशि, और भुगतान का माध्यम आदि जानकारी देनी होती है | यह दलों के आय का एकमात्र **ज्ञात स्त्रोत** है |
- **अज्ञात स्त्रोतों** की जानकारी दलों द्वारा घोषित ऑडिट रिपोर्ट से लिया जाता है | रु 20,000 से कम दान का विवरण ना ऑडिट रिपोर्ट में और ना ही दान रिपोर्ट में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है | इन दानों को अज्ञात स्त्रोत माना जाता है | **अज्ञात स्त्रोंतों** में - सेल ऑफ़ कूपॉनस, रिलीफ फंड्स, मिसलेनियस आय, वोलंटरी कंट्रिब्यूशन्स, कंट्रिब्यूशन्स फ्रॉम मीटिंग/मोर्चा आदि हैं | ऐसे योगदान देने वाले दानदाताओं का ब्यौरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नही है |
- राजनीतिक दलों के आय के **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** में पुराने अखबार, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि विवरण की जानकारी दलों के बही खातों में किया होता है|
- एडीआर ने अपनी <u>पिछली रिपोर्ट</u> (18 मई, 2020) में **23 क्षेत्रीय दलों** का विश्लेषण किया था जिनके ऑडिट और दान रिपोर्ट दोनों चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध थे | वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, 23 क्षेत्रीय दलों की कुल आय **रु 885.956 करोड़** थी जिसमें से **रु 481.276 करोड़** (54.32%) की आय **अज्ञात स्त्रोतों** से आयी थी |
- कुल 53 दलों में से, इस रिपोर्ट के विश्लेषण के लिए **28 दलों** को ही लिया गया है जिनका ऑडिट और दान रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट में उपलब्ध हैं (अनुबंध 1 को देखें), बाकी **16 दलों** ने कोई एक रिपोर्ट (अनुबंध 2 को देखें) जमा नहीं किया है | यह रिपोर्ट बनाते समय, **9 क्षेत्रीय दलों** की दो रिपोर्टों में से कोई भी रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी।

- **आम आदमी पार्टी**, **लोक जनशक्ति पार्टी** और **इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग** जैसे दलों की वार्षिक ऑडिट और दान विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, लेकिन वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, तीनों दलों के दोनो रिपोर्टों में दान की घोषणा में अंतर देखा गया है इसलिए, इस रिपोर्ट में इन दलों का विश्लेषण नहीं किया गया है ।
- **25 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 803.24 करोड़** थी | (अनुबंध 1 को देखें)
- क्षेत्रीय दलों की कुल आय में से **22.98%** यानि **रु 184.623 करोड़** की राशि **ज्ञात स्त्रोतों** (चुनाव आयोग को दलों द्वारा प्रस्तुत दान रिपोर्ट से उपलब्ध दान दाताओं का विवरण ) से प्राप्त हुई है |
- क्षेत्रीय दलों के कुल आय का **21.52%** यानि **रु 172.843 करोड़** की राशि **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** (पुराने समाचार पत्र, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि) से प्राप्त हुई |
- **अज्ञात स्त्रोतों** (आय का विवरण है लेकिन स्त्रोत का नहीं) से क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को कुल आय का **55.50%** यानि **रु 445.774 करोड़** की राशि प्राप्त हुई है |

| Sources of income of Regional Parties during FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Regional Political Parties** | **Income from Known Sources (donations details declared to ECI)** | **Income from Other Known Sources** | **Income from Unknown Sources (as per audit reports)** | **Total Income** |
| | 184.623 | 172.843 | 445.774 | **Rs 803.24 cr** |
| **Percentage share** | 22.98% | 21.52% | 55.50% | **100%** |







## <u>अज्ञात स्त्रोतों से क्षेत्रीय दलों की आय</u>

- क्षेत्रीय दलों की कुल आय में से **रु 445.774 करोड़** की राशि **अज्ञात स्त्रोतों** से आयी है, जिसमें से **95.616%** यानि **रु 426.233 करोड़** की राशि दलों ने **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त किया है ।
- 25 क्षेत्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (रु 20,000 से कम) से **1.116%** (रु 4.976 करोड़) की दानराशि प्राप्त की है और **कूपन की बिक्री** के माध्यम से **3.248%** (रु 14.477 करोड़) की राशि एकत्रित किया है । (अनुबंध 4 को देखें)

| Unknown Sources, as per the audit reports of Regional Parties, FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | | Total Unknown Income |
|---|---|---|---|---|---|
| Regional Political Parties | Donations received from Electoral Bonds | Voluntary Contributions (Below Rs 20,000) | By Collection from Sale of coupons | Miscellaneous Income | |
| | 426.233 | 4.976 | 14.477 | 0.088 | **Rs 445.774 cr** |
| **Percentage share** | 95.616% | 1.116% | 3.248% | 0.020% | **100%** |



## एडीआर के अवलोकन

- कुल **23 क्षेत्रीय दलों** ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपना योगदान रिपोर्ट चुनाव आयोग को प्रस्तुत नहीं किया है तथा 9 क्षेत्रीय दलों की दोनों रिपोर्टों (ऑडिट और योगदान रिपोर्ट) में से कोई भी रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं |
- **आम आदमी पार्टी**, **इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग** और **लोक जनशक्ति पार्टी** जैसे दलों की, दोनों विवरण चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, लेकिन वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए दोनों विवरणों में तीनों दलों का दान की घोषणा में अंतर देखा गया है | इस वजह से, रिपोर्ट में इन दलों का विश्लेषण को नहीं जोड़ा गया है |
- **आम आदमी पार्टी**, **इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग** और **लोक जनशक्ति पार्टी** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट में घोषित कुल योगदान की राशि और उनके द्वारा योगदान रिपोर्ट में घोषित कुल दान (केवल रु 20,000 से अधिक) की राशि से क्रमशः **रु 6.105 करोड़**, **रु 31.20 लाख** और **रु 4.16 लाख** का कम है | यह पारदर्शिता और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के लिए तैयार किए गए दिशा- निर्देशों के प्रति दलों की अवहेलना का एक उदाहरण है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, अज्ञात स्त्रोतों से क्षेत्रीय दलों की कुल आय **रु 445.774 करोड़** थी जो दलों द्वारा घोषित कुल आय का **55.50%** है, इसमें से **95.616%** (रु 426.233 करोड़) की आय **चुनावी बॉन्ड** से और **रु 4.976 करोड़** की आय **स्वैच्छिक योगदान** से एकत्रित किया है |
- सबसे अधिक आय अज्ञात स्त्रोतों से घोषित करने वाले शीर्ष दलों में **टीआरएस** (रु 89.158 करोड़), **टीडीपी** (रु 81.694 करोड़), **वाईएसआर- कांग्रेस** (रु 74.75 करोड़), **बीजेडी** (रु 50.586 करोड़) और **डीएमके** (रु 45.50 करोड़) शामिल हैं |
- क्षेत्रीय दलों जैसे **आईयूएमएल, डीएमके, पीएमके, एमएनएस, जेवीएम-पी, एसडीएफ** और **एनपीएफ** दलों ने रु 20,000 से कम का दान विवरण भी घोषित किया है | (अनुबंध -1 को देखें)

## एडीआर के सुझाव

- राजनीतिक दलों कि आय का अधिकतम प्रतिशत अज्ञात स्त्रोतों से आता है| पारदर्शिता के लिए दान दाताओं कि पूरी जानकारी, आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है| इन में किसी भी देश में राजनीतिक दलों की आय स्त्रोत का 50% अज्ञात रहना असम्भव है | लेकिन वर्तमान में भारत में ऐसा है | वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **राष्ट्रीय दलों** की कुल आय में से **70.98%** की आय **अज्ञात स्त्रोतों** से थी |
- यदि किसी राजनीतिक दल या उसके उम्मीदवार को विदेशी धन का दान प्राप्त होता है तो उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए |

- सभी दानों के भुगतान का तरीका (रु 20,000 से अधिक और कम), कूपन की बिक्री से आय, सदस्यता शुल्क आदि की जानकारी दलों द्वारा आयकर विभाग और चुनाव आयोग को वार्षिक प्रस्तुत की गयी ऑडिट रिपोर्ट की **अनुसूचियों** में घोषित करना चाहिए |
- हाल ही में चुनाव आयोग ने यह सुझाव दिया है की केवल उन्ही दलों को कर में 100% छूट दी जानी चाहिये जो विधान सभा और लोक सभा चुनाव लडें और सीट जीतें | साथ ही यह सुझाव भी दिया है की सभी राजनीतिक दलों को रु 2000 से अधिक दान देने वाले दानदाता की पूरी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होनी चाहिये | राजनीतिक दलों के वित्त व्यवस्था में सुधारों के लिये चुनाव आयोग द्वारा लिए गए कदम को एडीआर पूर्ण समर्थन करता है |
- राजनीतिक दलों की धनराशि में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए दलों द्वारा घोषित सारे वित्त संबंधी दस्तावेजों को CAG और चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत संस्था को वार्षिक रूप से जाँच करनी चाहिये |
- राजनीतिक दलों को सुचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

## अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में डेटा का विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2019-20 में क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को जमा किये गये दान रिपोर्ट और ऑडिट रिपोर्ट से बनाया गया है | जानकारी के लिए क्लिक करें |

**https://eci.gov.in/files/category/1509-recognized-state-parties/**

**https://eci.gov.in/files/category/1487-recognized-state-parties/**

क्षेत्रीय दलों के दान दाताओं का पूर्ण विवरण: कृपया क्लिक करें **http://myneta.info/party.**

क्षेत्रीय दलों के दान का अनुसंधान रिपोर्ट के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें **http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch**

रिपोर्ट बनाते समय शूचिता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट को ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

## सम्पर्क करें



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>Association for Democratic Reforms & National Election Watch<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member,<br>Association for Democratic Reforms & National Election Watch<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>Association for Democratic Reforms & National Election Watch<br>+91 94483 53285<br>trilochan@iimb.ac.in |

# अनुबंध - 1

## क्षेत्रीय दल जिनके ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट दोनों उपलब्ध हैं

| Regional Parties whose Audit and Contributions reports are available – FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Regional Party** | **Party Code** | **Total Income (according to audit reports)** | **Income from known sources (according to contributions report)** |
| 1 | Telangana Rashtra Samithi | TRS | 130.46 | 0.399 |
| 2 | Shiv Sena | SHS | 111.403 | 62.859 |
| 3 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-C | 92.739 | 8.924 |
| 4 | Telugu Desam Party | TDP | 91.53 | 2.606 |
| 5 | Biju Janata Dal | BJD | 90.35 | 28.20 |
| 6 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | 89.606 | 52.17 |
| 7 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK* | 64.904 | 2.81 |
| 8 | Samajwadi Party | SP | 47.276 | 4.392 |
| 9 | Janata Dal (United) | JDU | 23.354 | 6.082 |
| 10 | Janata Dal Secular | JDS | 19.79 | 1.0088 |
| 11 | Shiromani Akali Dal | SAD | 16.47 | 4.134 |
| 12 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | 8.33 | 6.442 |
| 13 | Jharkhand Vikas Morcha (Prajatantrik) | JVM-P* | 3.474 | 0.2308 |
| 14 | Jannayak Janta Party | JJP | 3.40 | 2.087 |
| 15 | Rashtriya Lok Dal | RLD | 3.377 | 0.15 |
| 16 | All India Majlis-e-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | 1.683 | 0.138 |
| 17 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | 1.504 | 0 |
| 18 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | 1.125 | 0 |
| 19 | All India United Democratic Front | AIUDF | 0.568 | 0.455 |
| 20 | Indian National Lok Dal | INLD | 0.5578 | 0.515 |
| 21 | Pattali Makkal Katchi | PMK* | 0.556 | 0.3429 |
| 22 | Goa Forward Party | GFP | 0.3304 | 0.33 |
| 23 | Sikkim Democratic Front | SDF* | 0.244 | 0.2084 |
| 24 | Asom Gana Parishad | AGP | 0.17 | 0.10 |
| 25 | Naga People Front | NPF* | 0.0392 | 0.0392 |
| **Total** | | | **Rs 803.24 cr** | **Rs 184.623 cr** |
| 1 | Lok Jan Shakti Party | LJP** | 3.398 | 2.629 |
| 2 | Aam Aadmi Party | AAP** | 49.651 | 37.37 |
| 3 | Indian Union Muslim League | IUML** | 9.02 | 8.818 |

*Contains details of donations declared below Rs 20,000

** These parties' donations amounts are incorrect in their declared statements

# अनुबंध – 2

## क्षेत्रीय दल जिनके ऑडिट रिपोर्ट या दान रिपोर्ट अनुपलब्ध थे

| Regional Parties whose Audit reports and Contributions reports are available - FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Regional Party | Party code | Total Income (according to audit reports) (in Rs Cr) | Income from known sources (according to contributions report) |
| 1 | Rashtriya Janata Dal | RJD | 6.003 | Not available on the ECI website |
| 2 | AJSU Party | AJSU | 3.70 | Not available on the ECI website |
| 3 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | 1.667 | Not available on the ECI website |
| 4 | Maharashtrawadi Gomantak Party | MGP | 0.465 | Not available on the ECI website |
| 5 | Mizo National Front | MNF | 0.1697 | Not available on the ECI website |
| 6 | All India Forward Bloc | AIFB | 0.13 | Not available on the ECI website |
| 7 | Kerala Congress (M) | KC-M | 0.13 | Not available on the ECI website |
| 8 | Zoram Nationalist Party | ZNP | 0.1184 | Not available on the ECI website |
| 9 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | 0.0555 | Not available on the ECI website |
| 10 | People's Democratic Alliance | PDA | 0.0518 | Not available on the ECI website |
| 11 | All India N.R. Congress | AINRC | 0.05045 | Not available on the ECI website |
| 12 | Mizoram People's Conference | MPC | 0.03661 | Not available on the ECI website |
| 13 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | 0.036 | Not available on the ECI website |
| 14 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | 0.0342 | Not available on the ECI website |
| 15 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | Not available on the ECI website | 0.2458 |
| 16 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNPP | Not available on the ECI website | 0 |
| 17 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 18 | Bodoland Peoples Front | BPF | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 19 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 20 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNC | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 21 | People's Democratic Front | PDF | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 22 | People's Party of Arunachal | PPA | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 23 | Revolutionary Socialist Party | RSP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 24 | United Democratic Party | UDP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 25 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC (J) | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |

# अनुबंध – 3

## वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान क्षेत्रीय दलों की आय के स्त्रोत

| Sources of income of Regional Parties during FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Regional Political Parties** | **Income from Known sources (donations details declared to ECI)** | **Income from Other known sources** | **Income from Unknown Sources (as per Audit reports)** | **Total Income** | **Share of Unknown income** |
| TRS | 0.399 | 40.903 | **89.158** | **Rs 130.46 cr** | 68.34% |
| SHS | 62.859 | 5.747 | **42.797** | **Rs 111.403 cr** | 38.42% |
| YSR-C | 8.924 | 9.065 | **74.75** | **Rs 92.739 cr** | 80.60% |
| TDP | 2.606 | 7.23 | **81.694** | **Rs 91.53 cr** | 89.25% |
| BJD | 28.2 | 11.564 | **50.586** | **Rs 90.35 cr** | 55.99% |
| AIADMK | 52.17 | 31.361 | 6.075 | **Rs 89.606 cr** | 6.78% |
| DMK | 2.81 | 16.594 | 45.5 | **Rs 64.904 cr** | 70.10% |
| SP | 4.392 | 32.0393 | 10.8447 | **Rs 47.276 cr** | 22.94% |
| JDU | 6.082 | 4.224 | 13.048 | **Rs 23.354 cr** | 55.87% |
| JDS | 1.0088 | 0.23 | 18.5512 | **Rs 19.79 cr** | 93.74% |
| SAD | 4.134 | 5.1596 | 7.1764 | **Rs 16.47 cr** | 43.57% |
| JMM | 6.442 | 1.443 | 0.445 | **Rs 8.33 cr** | 5.34% |
| JVM-P | 0.2308 | 0.0012 | 3.242 | **Rs 3.474 cr** | 93.32% |
| JJP | 2.087 | 1.3 | 0.013 | **Rs 3.40 cr** | 0.38% |
| RLD | 0.15 | 3.22667 | 0.00033 | **Rs 3.377 cr** | 0.01% |
| AIMIM | 0.138 | 1.103 | 0.442 | **Rs 1.683 cr** | 26.26% |
| DMDK | 0 | 1.504 | 0 | **Rs 1.504 cr** | 0% |
| NDPP | 0 | 0 | 1.125 | **Rs 1.125 cr** | 100% |
| AIUDF | 0.455 | 0 | 0.113 | **Rs 0.568 cr** | 19.89% |
| INLD | 0.515 | 0.0428 | 0 | **Rs 0.5578 cr** | 0% |
| PMK | 0.3429 | 0 | 0.2137 | **Rs 0.5566 cr** | 38.39% |
| GFP | 0.33 | 0.0004 | 0 | **Rs 0.3304 cr** | 0% |
| SDF | 0.2084 | 0.0356 | 0 | **Rs 0.244 cr** | 0% |
| AGP | 0.10 | 0.070 | 0 | **Rs 0.17 cr** | 0% |
| NPF | 0.0392 | 0 | 0 | **Rs 0.0392 cr** | 0% |
| **Total** | **Rs 184.623 cr** | **Rs 172.843 cr** | **Rs 445.774 cr** | **Rs 803.24 cr** | **55.50%** |

# अनुबंध – 4

## वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान क्षेत्रीय दलों को अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त आय

| Unknown Sources, as per the audit reports of Regional Parties, FY 2019-20 (in Rs cr) | | | | | Total Unknown Income |
|---|---|---|---|---|---|
| Regional Political Parties | Donations received from Electoral Bonds | Voluntary Contributions (Below Rs 20,000) | By Collection from Sale of coupons | Miscellaneous Income | |
| TRS | 89.1529 | 0.0051 | 0 | 0 | **Rs 89.158 cr** |
| TDP | 81.6 | 0.094 | 0 | 0 | **Rs 81.694 cr** |
| YSR-C | 74.35 | 0.40 | 0 | 0 | **Rs 74.75 cr** |
| BJD | 50.50 | 0 | 0 | 0.086 | **Rs 50.586 cr** |
| DMK | 45.5 | 0 | 0 | 0 | **Rs 45.5 cr** |
| SHS | 40.98 | 1.817 | 0 | 0 | **Rs 42.797 cr** |
| JDS | 7.50 | 0.0462 | 11.005 | 0 | **Rs 18.5512 cr** |
| JDU | 13.00 | 0.048 | 0 | 0 | **Rs 13.048 cr** |
| SP | 10.84 | 0.004 | 0 | 0.0007 | **Rs 10.8447 cr** |
| SAD | 6.76 | 0.185 | 0.23 | 0.00142 | **Rs 7.17642 cr** |
| AIADMK | 6.05 | 0.025 | 0 | 0 | **Rs 6.075 cr** |
| JVM-P | 0 | 0 | 3.242 | 0 | **Rs 3.242 cr** |
| NDPP | 0 | 1.125 | 0 | 0 | **Rs 1.125 cr** |
| JMM | * | 0.445 | 0 | 0 | **Rs 0.445 cr** |
| AIMIM | 0 | 0.442 | 0 | 0 | **Rs 0.442 cr** |
| PMK | 0 | 0.2137 | 0 | 0 | **Rs 0.2137 cr** |
| AIUDF | 0 | 0.113 | 0 | 0 | **Rs 0.113 cr** |
| JJP | 0 | 0.013 | 0 | 0 | **Rs 0.013 cr** |
| RLD | 0 | 0 | 0 | 0.00033 | **Rs 0.00033 cr** |
| DMDK | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| INLD | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| GFP | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| SDF | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| AGP | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| NPF | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| **Total** | **Rs 426.233 cr** | **Rs 4.976 cr** | **Rs 14.477 cr** | **Rs 0.088 cr** | **Rs 445.774 cr** |

*JMM has declared Rs 1 crore through Electoral Bond but party has given the donor's name